बिहार सरकार

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-800014

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/01 दिनांक- 14.04.2026

# BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION (BCECE)-2026
# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026

## नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026 में सम्मिलित होने एवं चयनोपरान्त नामांकन के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित-प्रपत्र में Online आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं जिसके आधार पर निम्नांकित डिग्री-पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नामांकन हो सकेगा।

   क. **राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों** अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों तथा संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के अंतर्गत B.Tech. (Dairy Technology) एवं B.Tech. (Food Technology) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नामांकन हेतु JEE (Main) परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के दो चक्रों की ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के पश्चात् रिक्त सीटों को बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा संचालित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026 के PCM Group के अभ्यर्थियों से मेधा-सह-विकल्प के आधार पर दो ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के माध्यम से भरा जायेगा। इनमें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga के पाठ्यक्रम भी सम्मिलित रहेंगे। अभियन्त्र संस्थानों एवं उनके पाठ्यक्रमवार सीट की विवरणी BCECE-2026 की विवरण-पुस्तिका में देखें।

   ख. **कृषि धारा :** (i) बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) के स्नातक कृषि / स्नातक उद्यान / स्नातक वानिकी पाठ्यक्रमों की 50% सीटें PCM एवं PCB की संयुक्त मेधासूची से भरी जायेंगी एवं शेष 50% सीटें CBA (Chemistry, Biology & Agriculture Sc.)/ (PCA) Physics, Chemistry & Agriculture Sc. / (MBA) Mathematics, Biology & Agriculture Sc. / (MCA) Mathematics, Chemistry & Agriculture Sc. की संयुक्त मेधासूची से भरी जायेंगी।
   (ii) बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के स्नातक मत्स्य विज्ञान एवं B.Sc. Poultry Production की सीटें संयुक्त मेधासूची के PCB ग्रुप से भरी जायेंगी।

   ग. **फार्मेसी धारा :** सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बिहार के सरकारी फार्मेसी संस्थानों के डिग्री पाठ्यक्रम ।

   घ. **चिकित्सा धारा :** बिहार के सरकारी संस्थानों के फिजियोथेरेपी एवं आकुपेशनल थेरेपी/ बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेट्री टेकनोलोजी/ बैचलर ऑफ ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलोजी/ बैचलर ऑफ रेडियो इमेजिंग टेक्नोलोजी / बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री / बी.एस.सी. नर्सिंग (सरकारी / निजी) एवं अन्य समान पाठ्यक्रम ।

2. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026 दिनांक **30.05.2026** को चार पालियों में एवं **31.05.2026** को एक पाली में आयोजित की जायेगी ।

3. पर्षद के **Website: bceceboard.bihar.gov.in** पर बी.सी.ई.सी.ई.-2026 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता / अर्हता / संस्थानों / पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है ।

   **आवेदन प्रपत्र, विवरण पुस्तिका एवं परीक्षा शुल्क :** बी.सी.ई.सी.ई.-2026 में सम्मिलित होनेवाले अभ्यर्थी विवरण पुस्तिका (Prospectus) पर्षद के Website : bceceboard.bihar.gov.in से Download कर प्राप्त कर सकते हैं। Online आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी पर्षद के उक्त वेबसाईट पर जा कर "Online Portal of BCECE.-2026" Link पर Click करने के बाद New Registration button पर click करें। इसके उपरान्त आवेदन प्रपत्र भरने हेतु जो निर्देश (Instruction) दिखेगा, उसे अभ्यर्थी अच्छी तरह पढ़ एवं समझ लें।

i. **Step-One (Registration) :**

इस परीक्षा हेतु Registration (निबंधन) के लिए सारी सूचनाएँ (Information) Step-One के अंतर्गत कम्प्यूटर के स्क्रीन पर दिखने वाले आवेदन प्रपत्र में सही-सही अभ्यर्थी को भरना होगा। अभ्यर्थी Registration करते समय यह ध्यान रखें कि वे केवल अपना या अपने पिता / माता का ही email पता एवं Mobile No. का इस्तेमाल कर रहें हों, क्योंकि Registration से संबंधित सभी सूचनाएं उसी email पता एवं Mobile No. पर भेजा जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा दिये गये Mobile No. एवं email पता को सत्यापित करने हेतु उक्त दोनों पर अलग-अलग सत्यापन कोड (Verification Code) भेजा जाएगा, जिसे अभ्यर्थी द्वारा Registration करने के क्रम में सत्यापन कोड (Verification Code) डालकर सत्यापित करना होगा। Mobile No. एवं email पता के सत्यापन के बाद सफलतापूर्वक Registration हो जाने के उपरांत किसी भी परिस्थिति में Mobile No. एवं email पता का बदलाव पूरे सत्र के दौरान नहीं किया जायेगा। सफलतापूर्वक Registration हो जाने के बाद अभ्यर्थी के Registered Mobile No. एवं email पता पर सफलतापूर्वक Registration हो जाने की सूचना प्राप्त होगी, जिसमें उनका Registration Number (पंजीयन संख्या) उल्लिखित रहेगा। इसके बाद अभ्यर्थी आवेदन को पूर्ण रूप से Online भर कर जमा करने हेतु अपने Account में login करेंगे जिसके लिए वे अपना Registration Number (पंजीयन संख्या) तथा Regisration के क्रम में दिये गये Password को डालकर "Sign In" बटन पर click करें तथा आगे की प्रक्रिया को पूरा करें। Registration के क्रम में अभ्यर्थी अपने द्वारा दिये गये Password को गोपनीय रखें अन्यथा पर्षद किसी भी तरह की परेशानी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

ii. **Step-Two (Multi-Step Application Form) :**

**(a) Apply for Course Group :**

सफलतापूर्वक Registration कर पुनः अपने Account में Login करने के उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिख रहे "Apply for Course Group" बटन / link को click कर अर्हतानुसार एक या एक से अधिक Course Group का चयन करें एवं Save & Continue बटन पर Click करें ।

**(b) Personal Information :**

Course Group का चयन करने के उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर Personal Information से संबंधित required entries पूरी तरह भरें एवं Save & Continue बटन पर Click करें ।

**(c) Contact Details :**

Personal Information भरने के बाद अभ्यर्थी अपना स्थायी एवं पत्राचार का पता से सम्बन्धित सूचनाओं (Contact Details) को कम्प्यूटर स्क्रीन पर आवश्यकतानुसार भर कर Save & Continue बटन पर Click करें ।

**(d) Educational Information :**

Contact Details भरने के बाद अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी सूचनाओं (Educational Information) को कम्प्यूटर स्क्रीन पर आवश्यकतानुसार भर कर Save & Continue बटन पर Click करें ।

**(e) Upload Photo & Signature :**

Educational Information भरने के बाद अभ्यर्थी अपना उच्च कंट्रास्ट का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटों एवं अपना हिन्दी / अंग्रेजी में हस्ताक्षर कर कम्प्यूटर स्क्रीन में दिये गये निर्देश के अनुसार Scan कर निर्धारित स्थान पर Upload करें । फोटो Placard के साथ (जिस पर आवेदक का नाम तथा फोटों खिंचवाने की तिथि अंकित हो) खिंचवाया हुआ ही प्रयोग में लाना आवश्यक है। साथ ही अभ्यर्थी को आवेदन पत्र भरते समय अपना लाइव फोटोग्राफ भी अपलोड करना होगा।

निर्धारित स्थान पर फोटो एवं हस्ताक्षर तथा लाइव फोटोग्राफ Upload करने के बाद Save & Continue बटन पर Click करें। **फोटों एवं हिन्दी / अंग्रेजी हस्ताक्षर upload करने तथा लाइव फोटोग्राफ खींचने एवं upload करने से संबंधित विस्तृत जानकारी Application Portal पर उपलब्ध है।**

iii. **Step-Three (Application Preview & Final Submit) :**

Step-One एवं Step-Two के अंतर्गत दी गई सूचनाओं को अभ्यर्थी अच्छी तरह जांच लें। यदि जाँच के क्रम में किसी भी Step (चरण) के भरे गये Form में दी गयी सूचना / प्रविष्टि गलत पाई जाती है तो अभ्यर्थी अपने उस सूचना को Back to Edit बटन पर Click कर अपने सूचना / प्रविष्टि को सुधार कर Save & Continue बटन पर Click करें, ताकि आपके द्वारा पुनः दिये गये सूचनाएँ Update हो सकें।

भरे गए आवेदन प्रपत्र के Preview उपरान्त सारी सूचनाएं सही पायी जाती है, तो अपना Declaration देकर Final Submit & Proceed to Payment बटन पर Click करें, ताकि परीक्षा / परामर्श शुल्क जमा करने की प्रक्रिया Step-Four अनुसार पूर्ण करें। अगर अभ्यर्थी पूर्ण रूप से भरे गये Data को Final Submit कर देते हैं परन्तु परीक्षा / परामर्श शुल्क जमा नहीं करते हैं तो उनका भरा गया आवेदन-पत्र अपूर्ण मानते हुए आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

iv. **Step-Four (Payment of Examination / Counselling Fee) :**

अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी सारी प्रविष्टियों के Preview को देखकर Submit करने के बाद Payment of Examination / Counselling Fee बटन पर Click कर कम्प्यूटर स्क्रीन पर परीक्षा शुल्क भरने के निर्देश के अनुसार Payment की प्रक्रिया को पूरी करें। जमा किये गये परीक्षा / परामर्श शुल्क को लौटाया नहीं जायेगा।

**परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रक्रियाएं हैं ;**

a. **Online Payment :** अगर अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान Online यथा; क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड अथवा UPI अथवा नेट बैंकिंग के माध्यम से करना चाहते हैं तो वे कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिख रहे Payment Mode से Online Option को Select कर क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड अथवा UPI अथवा नेट बैंकिंग के माध्यम से करें । परीक्षा शुल्क जमा करने पर उसमें लगने वाली अतिरिक्त राशि (Processing Charge) का भुगतान अभ्यर्थी को ही करना पड़ेगा।

b. **उपरोक्त विधियों से परीक्षा शुल्क का भुगतान से संबंधित आवश्यक विवरणी निम्नवत् है;**

(क) जो अभ्यर्थी सामान्य / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के हों और PCM (Physics, Chemistry & Mathematics) ***अथवा*** PCB (Physics, Chemistry & Biology) ***अथवा*** **कृषि ग्रुप यथा** रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं कृषि विज्ञान (CBA) अथवा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं कृषि विज्ञान (PCA) अथवा गणित, जीव विज्ञान एवं कृषि विज्ञान (MBA) अथवा गणित, रसायन विज्ञान एवं कृषि विज्ञान (MCA) में से किसी एक सब्जेक्ट ग्रुप में परीक्षा देना चाहते हैं उनको 1000/- (एक हजार) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा। जबकि अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग (DQ) कोटि के लिए एक Subject Group में परीक्षा हेतु 500/- (पाँच सौ) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा।

(ख) सामान्य / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी अगर चारो विषयों यथा PCMB (Physics, Chemistry, Mathematics & Biology) Subject Group में परीक्षा देना चाहते हैं तो उन्हें 1100/- (एक हजार एक सौ) रुपया का भुगतान परीक्षा शुल्क के रूप में करना होगा । अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग (DQ) कोटि के अभ्यर्थी को चारों विषयों अर्थात PCMB (Physics, Chemistry, Mathematics & Biology) ग्रुप में परीक्षा के लिए 550/- (पाँच सौ पचास) रुपये का परीक्षा शुल्क जमा करना होगा ।

**नोट :** 1. यदि Examination / Counselling हेतु Fee के रूप में भुगतान की गई राशि आपके खाते से कट जाती है परन्तु शुल्क भुगतान विफल हो जाता है, तो ऐसी स्थिति में आप वांछित शुल्क का पुनः भुगतान करें। यदि आप Examination / Counselling Fee का भुगतान निर्धारित समय तक दुबारा नहीं करते हैं, तब आपका आवेदन पत्र अधूरा ही रह जायेगा और आप इस Examination / Counselling हेतु पात्रता-प्राप्त नहीं रहेंगे।

**बैंक खाते से विफल भुगतान की राशि आपके खाते में स्वतः Refund हो जायेगी।**

2. Examination / Counselling हेतु Fee के भुगतान से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कठिनाई / असुविधा के निवारण हेतु Online application portal पर उपलब्ध email ID : **bangalorepgsd@billdesk.com** पर email के माध्यम से अथवा Helpdesk phone no. 0612-2220230 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

v. **Step-Five (Download Confirmation Page & Fee Receipt) :** पर्षद द्वारा निर्धारित तिथि एंव समय तक भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये आवेदन प्रपत्र की Confirmation Page एवं Fee Receipt की प्रति Download कर Print निकाल अपने पास सुरक्षित रख लें क्योंकि उसमें आपके द्वारा भरी गई सारी प्रविष्टियाँ एवं पर्षद द्वारा उपलब्ध कराया गया Registration No. उल्लिखित होगा, जिसका उपयोग कॉउन्सेलिंग के समय या भविष्य में आपके द्वारा किया जा सकता है।

**नोटः** (a) Download किये गये आवेदन प्रपत्र की Confirmation Page को पर्षद कार्यालय में भेजने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रपत्र

को कॉउन्सेलिंग के समय पर्षद को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, इसलिए अभ्यर्थी इस प्रपत्र को सुरक्षित रख लें।

(b) उपरोक्त सारी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद अन्तिम रूप से Online Application Form Submit करने के बाद Application Form में परिवर्तन / संशोधन का प्रावधान नहीं है।

(c) अभ्यर्थी कृपया नोट कर लें कि Application Form के Submission के बाद इसे न तो Withdraw किया जा सकेगा और न ही जमा किये गये परीक्षा शुल्क को **Refund / Chargeback** का अनुरोध स्वीकार किया जायेगा ।

(d) इन्टरनेट या पोस्टल या बैंकिग व्यवधान के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा । अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे ।

**vi.** (i) यदि अभ्यर्थी को Online Application Form भरने के उपरांत पता चलता है कि आवेदन पत्र भरने में कोई सूचना / फोटो / हस्ताक्षर Upload करने में गलती हुई है तो उसे सुधार करने हेतु Edit करने का मौका दिनांक 07.05.2026 से दिनांक 08.05.2026 तक दिया जाएगा।

(ii) Online Application Form में सुधार (Edit) केवल वैसे अभ्यर्थी ही कर सकते हैं, जिन्होंने निर्धारित तिथि तक अपना Online Application Form पूर्ण रूप से भर का सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क जमा कर दिया हो।

(iii) अभ्यर्थी अपने Online Application Form में सुधार (Edit) करने हेतु Application के Home Page पर जाकर Sign In button को Click कर अपने Registration Number (पंजीकरण संख्या) एवं Password को डालें एवं Sign In बटन पर Click कर अपने Account में Login करें तथा आवश्यक सुधार कर Save & Continue बटन पर Click करें, ताकि आपके द्वारा Edit किये गए Entries Update हो सके एवं पुनः Edited आवेदन प्रपत्र की Confirmation Page को Download कर Print निकाल अपने पास सुरक्षित रख लें।

**vii.** **<u>BCECE-2026 से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तिथियाँ</u> :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Online Registration Starting Date | : | **15.04.2026** |
| (ii) | Online Registration Closing Date | : | **05.05.2026** |
| (iii) | Last date of payment through Net Banking / Debit Card / Credit Card / UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate | : | **06.05.2026 (11.59 pm)** |
| (iv) | Online Editing of Application Form | : | **07.05.2026** to **08.05.2026** |
| (v) | Uploading of Online Admit Card | : | **22.05.2026** |
| (vi) | Proposed Date of Examination | : | **30.05.2026 एवं 31.05.2026** |

4. अपूर्ण रूप से भरा गया Online आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

5. न्यूनतम आयु सीमा : (i) फार्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा वर्ष के 31 दिसम्बर को आवेदक की न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए। (ii) अभियंत्रण पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं है। (iii) चिकित्सा धारा के लिए दिनांक 31 दिसम्बर, 2026 को न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए। (iv) बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में प्रवेश हेतु दिनांक 31 अगस्त, 2026 को आवेदक की न्यूनतम आयु 16 वर्ष होनी चाहिए।

6. शैक्षणिक तथा आवासीय अर्हताओं तथा अन्य नियमों / शर्तों के लिए इस बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026 की विवरण-पुस्तिका जो बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड के वेबसाईट पर उपलब्ध है, को देखें।

**परीक्षा नियंत्रक**